**Munger (Bihar)**




# तृतीय वेतन के लिए बीएसएनएल कर्मियों का प्रदर्शन

संवाद सहयोगी, जागरण ● मुंगेर : तृतीय वेतन पुनरीक्षण की मांग को लेकर आल यूनियंस एंड एसोसिएशंस आफ बीएसएनएल के बैनर तले अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भोजनावकाश के समय बीएसएनएल कार्यालय के समीप अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए मांग संबंधी नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विद्या शंकर सिंह ने बताया कि संघ की मुख्य मांग में तृतीय वेतन पुनरीक्षण शामिल है। मांग के समर्थन में संघ के निर्देश पर प्रदर्शन किया गया। सरकार द्वारा मांग पूरी नहीं किये जाने पर चरणबद्ध आंदोलन के तहत एक अक्टूबर को देशव्यापी भूख हड़ताल किया जाएगा। इसके बाद संघ के निर्देश पर आंदोलनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रशांत कुमार राज, अर्जुन महतो, मुकेश कुमार, उमा शंकर दास, निशा भारती, वकील दास, राजीव कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार, विनय मिश्रा, अर्जुन हेम्ब्रम, रविन्द्र कुमार, रतन मंडल सहित अन्य मौजूद थे।




बीएसएनएल कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कर्मी ● सौजन्य : कर्मचारी।

# थर्ड पीआरसी की मांग को लेकर बीएसएनएल कर्मचारियों का धरना




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** भारत संचार निगम लिमिटेड के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को भोजनावकाश के दौरान धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया। इस अवसर पर अलग-अलग यूनियनों ने सामूहिक रूप से एयूएबी के बैनर तले थर्ड पीआरसी की मांग उठाई। धरने पर प्रकाश शर्मा, संयोजक, आयूब, जितेन्द्र कुमार कोरी, प्रदेश सचिव एससीएसटी एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन, आरके दीपक, प्रदेश सचिव, संचार निगम एम्प्लाइज एसोसिएशन, केएस ठाकुर, प्रदेश सचिव, एनएफटीइ एवं चेयरमैन आयूब, बीएस रघुवंशी, प्रदेश सचिव, बीएसएनएल एम्प्लाई यूनियन, साबिर हुसैन, प्रदेश सचिव एआइ बीएसएनएल एम्प्लाइज एसोसिएशन सहित सभी बीएसएनएल से जुड़ी यूनियनों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

**Bhopal (M.P.)**

# बीएसएनएल कर्मचारियों ने लंबित वेतन एवं पेंशन संशोधन को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

>> लंच टाइम में बीएसएनएल कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने जताया विरोध

>> एक जनवरी 2017 से लागू पे-रिवीजन और पेंशन रिवीजन का लाभ शीघ्र देने की मांग

>> बीएसएनएल कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन



**नाइन न्यूज नेटवर्क ब्यूरो**

**हापुड़।** मेरठ रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय पर शुक्रवार को एनएफटीई (नेशनल फेडरेशन ऑफ टेलीकॉम एम्प्लॉइज) शाखा हापुड़ के बैनर तले कर्मचारियों ने लंच टाइम के दौरान धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। कर्मचारियों ने कहा कि एक जनवरी 2017 से पेंशन रिवीजन और पे-रिवीजन लागू किए जाने की घोषणा के बावजूद अब तक इसका लाभ संबंधित कर्मचारियों एवं पेंशनरों को नहीं मिल पाया है, जिससे उनमें असंतोष व्याप्त है।

धरने के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वेतन एवं पेंशन संशोधन कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों का अधिकार है। उन्होंने मांग की कि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कर संशोधित वेतन और पेंशन का लाभ जल्द से जल्द प्रदान किया जाए। कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जा सकता है।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन निरंतर संघर्ष करता रहेगा। धरना-प्रदर्शन में मुकेश कुमार, सतपाल सिंह, सुनीता देवी, गीता देवी, संतराम, मनोज वेदी, भजन लाल, शिवराज सिंह, शिवराम यादव, प्रदीप सिंह, अवनीश, आदेश, चरन सिंह, सुधेश, सुरेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, कुसुम लता, लोकेश कुमार, सुशील कुमार, नेपाल सिंह, योगेश कुमार, प्रदीप सरदार तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।